सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 151 | इंदौर, सोमवार 16 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. यूपी विधानमंडल सत्र: हंगामे के साथ शुरू हुआ पहले दिन का सत्र, एक घंटे के लिए स्थगित; सपा सदस्य धरने पर बैठे

2. IND vs AUS: तीसरे मैच के दौरान बुमराह ने हासिल की दोहरी उपलब्धि, ऑस्ट्रेलिया में पूरे किए 50 टेस्ट विकेट

### जिन्हें जानते तक नहीं उनसे बने ठगी के शिकार ...

# डर और लालच में गंवा रहे रुपए

## लालच में ठगी के सबसे ज्यादा केस, डर दिखाकर लाखों रुपये ठगने के मामले भी बढ़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ठगी के इस खेल में अधिकांश देखा गया है कि डर और लालच में आकर ठगी का शिकार व्यक्ति अपने लाखों रुपए उस अनजान अपराधी को सौंप दे देता है, जिससे वह जानता तक नहीं है। यह हैं सायबर क्रिमिनल। जो लोगों के साथ डर और लालच का खेलते हुए उन्हें ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाते हुए उनके बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं। पुलिस भी इन हाइटेक क्रिमिनल से आमजन को बचाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने लगी है, जिससे हर साल लाखों करोड़ों रुपए साइबर अपराधियों तक पहुंचने से बच जाते हैं। दरअसल मोबाइल-इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। छोटी-सी गलती उपभोक्ता को अपराधियों का शिकार बना देती है। ठग घर बैठे हर महीने करोड़ों रुपये ठग रहे हैं। ऐसा नहीं है कि ठगी कम पढ़े-लिखे और सामान्य लोगों के साथ ही होती है। ये सायबर ठगोरे इतने शातिर हैं कि डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक और अन्य उच्च शिक्षित लोगों को भी अपना शिकार बना लेते हैं। हाल ही में पुलिस के पास कुछ ऐसे मामले पहुंचे हैं, जिसमें उच्च शिक्षित लोगों ने इन साइबर अपराधियों ने लालच देकर या डर दिखाकर ठगा है। अपराध शाखा में पिछले नौ महीने में ही नौ हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। डॉक्टर, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, इंजीनियर, व्यवसायी और विज्ञानी तक ठगी का शिकार हुए हैं।

**ऐसे बना रहें ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार**

### परिचित बनकर

ठग आनलाइन रुपये जमा करने का झांसा देते हैं और परिचित बनकर फर्जी एसएमएस भेजकर उपभोक्ता से स्वयं के खाते में रुपये जमा करवा लेते हैं।

### क्रेडिट कार्ड

आरोपी खुद को बैंक अधिकारी बताकर कार्ड की डिटेल सहित अन्य जानकारी लेकर रुपये निकाल लेते हैं। कई बार बैंकों द्वारा ग्राहकों को जागरूक करते हुए जानकारी दी जाती है कि बैंक कभी भी कॉल कर जानकारी नहीं लेते, बावजूद इसके अनेक लोग इस तरह की ठगी का शिकार हो जाते हैं।

### शासकीय योजना

गैस कनेक्शन, महिला संबंधित योजनाओं में लाभ का झांसा देकर एपीके फाइल के जरिए मोबाइल हैक कर लेते हैं और खातों से रुपए उड़ा लेते हैं।

### गूगल से सर्च करने पर

गूगल पर ठगोरों ने ग्राहक सेवा केंद्र के रूप में नंबर साझा कर रखे हैं। जैसे ही कोई जरूरतमंद इनके संपर्क में आता है तो उसे मदद का झांसा देकर गोपनीय जानकारी ले लेते हैं और उसका बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं।

### आर्मी अफसर बनकर

आर्मी अफसर बनकर भी ठगोरों लोगों को अपने जाल में फांस लेते हैं। दरअसल आरोपी फर्जी आर्मी अफसर बनकर फर्नीचर व इलेक्ट्रानिक सामान बेचने का झांसा देकर ऑनलाइन रुपये ले लेते हैं।

### केवायसी का झांसा

ठगोरे कॉल कर आपका बैंक खाता अपडेट करने का झांसा देकर केवायसी की बात कहते हुए बातों में सारी जानकारी लेते हैं और एप इंस्टल करवाकर मोबाइल हैक कर लेते हैं।



### डिजिटल अरेस्ट यानि डर पैदा करके ठगी

डिजिटल अरेस्ट के दौरान ठग अपने शिकार के मन में डर पैदा कर देते है और उन्हें यकीन दिला देते है कि, जो भी उन्हें बताया जा रहा है वही सच है। उनके या उनके किसी परिजन के साथ बुरा हो चूका है या होने वाला है या वह पुलिस, सीबीआई या ईडी की जांच के घेरे में फंस चुके है। इसके बाद ठगों का शिकार डरकर मान लेता है कि अगर कॉलर का कहना नहीं माना तो वह गिरफ्तार हो जाएगा या फिर उसके साथ बहुत कुछ बुरा होगा।

### गत तीन साल में बचाए रुपये

**2021 में 1 करोड़ 37 लाख रुपये**

**2022 में 3 करोड़ 92 लाख रुपये**

**2023 में 4 करोड़ 32 लाख रुपये**

एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया के मुताबिक स्कैमर फोन काल, ई-मेल, एसएमएस के माध्यम से लोगों को निशाना बनाते हैं। सबसे ज्यादा ठगी इन्वेस्टमेंट और शेयर ट्रेडिंग के नाम पर हो रही है। ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में लोग आसानी से शिकार बन जाते हैं।

### कुछ मामलो में साइबर पुलिस राशि बचा लेती है

एडीसीपी के मुताबिक कुछ मामलों में तो साइबर पुलिस पीड़ितों की राशि बचा लेती है, लेकिन ज्यादातर मामलों में राशि दूसरे खातों में ट्रांसफर कर ली जाती है।

### वाट्सअप पर विवाह पत्रिका भेजकर भी ठगी

पुलिस और ठगों में तू डाल-डाल तो मैं पात-पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। अब तक लोग डिजीटल अरेस्ट होकर रुपए गंवा बैठते थे। अब ठगों ने शादियों के सीजन में धोखाधड़ी का नया तरीका इजाद किया है। वैवाहिक आयोजन की पत्रिका आनलाइन भेज रहे हैं। इसे खोलते ही मोबाइल हैक हो जाता है। पिछले दिनों क्राइम ब्रांच को ऐसी 6 शिकायतें मिल चुकी हैं, जिनमें 4 मामलों में 8 लाख रुपए की ठगी की जा चुकी है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने कहा, अपराधी ई-कार्ड के रूप में एपीके (एंड्रॉइड पैकेजिंग किट) फाइल भेजते हैं। एपीके फाइल में एप्लिकेशन कोड होता है, जिसे डाउनलोड करते ही मोबाइल में वायरस इंस्टॉल हो जाता है। यह वायरस मोबाइल की कांटैक्ट लिस्ट, फोटो गैलरी, बैंक डिटेल्स और पासवर्ड तक हैक कर लेता है।

### सतर्कता ही बचाव है

इस तरह के साइबर अपराधों से बचने का सबसे बड़ा तरीका सतर्क रहना है। कोई भी फाइल डाउनलोड करने से पहले उसकी प्रमाणिकता जांचें और डिजिटल सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के विरोध में ...

# दो जगदगुरुओं की गर्जना-कड़े कदम उठाएं

- 57वें अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन का शुभारंभ
- शंकराचार्यजी ने कहा-सनातन धर्म कभी नष्ट नहीं होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बिजासन रोड स्थित अविनाशी अखंड धाम आश्रम पर रविवार को 57वें अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन का शुभारंभ देश के दो प्रमुख जगदगुरुओं की गर्जना के साथ हुआ। इनमें पहले रामस्नेही संप्रदाय के जगदगुरू आचार्य स्वामी रामदयाल महाराज ने जहां बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज बुलंद की, वहीं भानपुरा पीठ के जगदगुरू शंकराचार्य ने भी लव जिहाद एवं बांग्लादेश में हो रही हिंसा के विरोध में कठोर शब्दों में विश्व मानव आयोग एवं भारत सरकार से कड़े कदम उठाने तथा वहां हो रहे अत्याचारों को तत्काल रोकने की आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म कभी नष्ट नहीं हो सकता। उच्च पदों पर बैठे लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए। शंकराचार्यजी ने लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह खतरनाक खेल है, इससे अपने बच्चों को बचाकर रखना होगा। संत सम्मेलन का शुभारंभ आश्रम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप के सानिध्य में जगदगुरू शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ की अध्यक्षता और रामस्नेही संप्रदाय के जगदगुरू आचार्य स्वामी रामदयाल महाराज एवं वृंदावन से आए आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रारंभ में ओंकारद्विज संस्कृत विद्यालय से आए वेदपाठी बटुकों ने आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के निर्देशन में मंगलाचरण प्रस्तुत किया। आश्रम के संत स्वामी राजानंद, आयोजन समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल, संयोजक किशोर गोयल, भावेश दवे, अशोक गोयल, सचिन सांखला, राजेन्द्र गर्ग, राजेन्द्र सोनी, ज्योति श्रीवास्तव, सुश्री किरण ओझा, राजेश गर्ग, शिव जिंदल, नवनीत शुक्ला, ओमप्रकाश नरेड़ा, शैलेन्द्र मित्तल, महेन्द्र विजयवर्गीय, राजेन्द्र मित्तल आदि ने सभी संतों का स्वागत किया। इसके पूर्व आश्रम के प्रवेश द्वार पर संतों के आगमन पर दिग्विजय सांखला, रणधीर दग्धी, शिवरतन सांखला, प्रो. गोविंद सिंघल, बी.एम.सोनी आदि ने पुष्प वर्षा कर अगवानी की।

## आज हम चुके तो कल हमारी पीढ़ी हिंदू कहलान योग नहीं बचेगी : भार्गव

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा बद्रीनाथ जिले में शौर्य संचालन का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव ने उद्बोधन में कहां सांप को दूध पिलाने से अमृत नहीं बनेगा, जहर बनेगा । देश के बुद्धिजीवी नेताओं को अभी भी समझ में नहीं आती अभी भी लगे हैं । सबका साथ सबका विकास जैसे-जैसे हिंदुओं की ताकत बढ़ेगी। भार्गव ने रामायण पर बताया राम भगवान तीन दिन तक समुद्र से प्रार्थना करते रहे बात नहीं बनी तो राम भगवान ने धनुष तान्ते ही समुद्र सुखा दूंगा वैसे ही समुद्र प्रकट हुआ माफ करें भगवान। इसी प्रकार हिंदू समाज का विराट स्वरूप दिखाने का समय आ गया है । इस देश को भी और सारी दुनिया को भी समय आ गया है आज हम चुके तो कल हमारी पीढ़ी हिंदू कहलन योग नहीं बचेगी आज का समय निकल गया तो कल का समय कल का समय हमारा नहीं है अपने-अपने मकान अपनी अपनी दुकान अपनी पढ़ाई हिंदुत्व के लिए देश के लिए कमर कस लीजिए जैसे ही आप कमर कसेंगे सारी दुनिया हिंदुत्व के झंडे के नीचे आ जाएगी वह लोग प्रयास कर रहे हैं गजवा हिंद करेंगे मैं कह रहा हूं पूरा हिंदू समाज एक हो गया पूरी दुनिया को भगवा हिंद कर दोंगे। शौर्य संचालन का मार्ग तीन पुलिया से चालू हुआ पाटनीपुरा मालवा मिल विश्रांति चौराहे सुभाष नगर चौराहा परदेसी पुरा चौराहा होते हुए तीन पुलिया पर समापन हुआ । मंच पर उपस्थित प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव यस बच्चनी प्रवीण दरेकर अंकित मोर उपस्थित थे। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रचार प्रचार प्रमुख अन्नु गेहलोत ने यह जानकारी दी ।

### आज से आईआईटी कानपुर में साइबर सिक्योरिटी के गुर सिखेंगे बिजली कार्मिक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी साइबर सिक्योरिटी को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है, ताकि आपूर्ति, बिलिंग डाटा, सिस्टम , स्कॉडा इत्यादि व्यवस्थाओं को लेकर सुरक्षात्मक स्थिति और पुख्ता हो। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि साइबर सिक्योरिटी को लेकर प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने जीरो टालरेंस की नीति अपनाने को कहा हैं, इसीलिए सूचना प्रौद्योगिकी शाखा हर दृष्टिकोण से भारत सरकार के निर्देशों का अक्षरशः पालन कर रही हैं। कंपनी का साइबर सिक्योरिटी प्रभारी का दायित्व सूचना प्रौद्योगिकी शाखा के उप महाप्रबंधक श्री गौतम कोचर को दिया गया हैं। मुख्य महाप्रबंधक श्री चौहान ने बताया कि साइबर सिक्योरिटी को लेकर सतत मिटिंग हो रही है।

## श्री शिव मल्हारी मार्तण्ड मंदिर से निकली शोभायात्रा

### शोभायात्रा एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शिव मल्हारी मार्तण्ड मंदिर, उषा नगर, इन्दौर में हर साल मल्हारी मार्तंड बैंगन छठ या चंपा षष्ठी के अवसर पर विशेष शोभायात्रा एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन विशेष रूप से भगवान शिव के खंडोबा स्वरूप की पूजा के लिए होता है, जो इस दिन श्रद्धालुओं द्वारा बड़े श्रद्धा और भक्ति से मनाया जाता है।**

मल्हारी मार्तंड बैंगन छठ एक विशेष धार्मिक पर्व है, जो मार्गशीर्ष माह की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन शिवलिंग पर बैंगन और बाजरा अर्पित करने की परंपरा है, जो खंडोबा के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक मानी जाती है। बैंगन को शिवजी की प्रिय वस्तु माना जाता है, और इसे अर्पित करने से सुख, समृद्धि और आशीर्वाद की प्राप्ति होती है।

इस दिन के उपलक्ष्य में, शिव मल्हारी मार्तण्ड मंदिर में आयोजित शोभायात्रा में श्रद्धालु मंदिर से निकलकर भव्य रथ पर भगवान की प्रतिमा को लेकर पूरे इलाके में यात्रा करते हैं। यात्रा के साथ धार्मिक गीतों, भजनों और ढोल-नगाड़ों की गूंज होती है, जिससे वातावरण भक्तिमय हो जाता है। इस दौरान मंदिर परिसर में अन्नकूट महोत्सव भी आयोजित किया जाता है, जिसमें श्रद्धालु भगवान को विविध प्रकार के पकवान अर्पित करते हैं। चंपा षष्ठी का यह आयोजन केवल धार्मिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक परंपरा का हिस्सा भी है, जिसे इन्दौर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोग बड़े धूमधाम से मनाते हैं। यह पर्व सामाजिक एकता और श्रद्धा का प्रतीक है, और श्रद्धालु इस दिन को पूरे परिवार और समुदाय के साथ मिलकर हर्षोउल्लास से मनाते हैं। कार्यक्रम की जानकारी समाज की समिति के सदस्य सुधीर देडगे ने दी। साथी सदस्य मयूरेश, प्रदीप होलकर एडवोकेट पिंगले,उज्वल फंडसे, प्रतीक तेगड़ प्रचार प्रमुख विपिन मतकर, योगेश लौंडे मौजूद रहे।

## गीता कर्मों को सदकर्मों में बदलने के लिए हमें देती है प्रेरणा और ऊर्जा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गीता का मनन और मंथन करने वाला सत्य की अभिव्यक्ति से दूर नहीं रह सकती। गीता मनुष्य को निर्भयता प्रदान करती है। अहंकार चाहे सत्ता का हो, शक्ति और सौंदर्य का हो या संपत्ति का मनुष्य को पतन के मार्ग पर ले जाता है। गीता केवल पुस्तक नहीं, ज्ञानालय है, जिसके लेखक स्वयं प्रभु श्रीकृष्ण हैं। आग को कपास में लपेटकर या छुपाकर नहीं रख सकते उसी तरह पाप कर्म भी छुपाए नहीं छुपते। गीता हमें अपने कर्मों को सदकर्मों में बदलने के लिए प्रेरणा और उर्जा प्रदान करती है। अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य जगदगुरू स्वामी रामदयाल महाराज ने शनिवार को गीता भवन में गत 8 दिसम्बर से चल रहे 67वें अ.भा. गीता जयंती महोत्सव के समापन समारोह में अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए उक्त प्रेरक बातें कहीं। इसके पूर्व धर्मसभा में डाकोर के वेदांताचार्य स्वामी देवकीनंदन दास, स्वामी वृंदावन दास (वृंदावन), साध्वी ब्रह्मज्योति सरस्वती (पानीपत), संत रामकृष्णाचार्य महाराज (उज्जैन), स्वामी सर्वेश चैतन्य महाराज (हरिद्वार), डॉ. रामनारायण महाराज (गंगोत्री), महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद (वृंदावन), साध्वी कृष्णानंद (वृंदावन), संत मुमुक्षराम रामस्नेही (पाली) के पश्चात समापन समारोह में गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन एवं मंत्री रामविलास राठी ने सभी संतों एवं विद्वानों तथा गीता जयंती महोत्सव में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं, भक्तों, पुलिस प्रशासन एवं मीडिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

## लोक अदालत में बिजली संबंधी 4979 प्रकरण निराकृत

### 1.52 करोड़ की छूट दी गई

### कंपनी के 15 जिलों में की गई थी प्रभावी तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। वर्ष 2024 की अंतिम नेशनल लोक अदालत में मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को उम्मीद के अनुसार सफलता मिली है। कंपनी के अधीन 4979 प्रकरण निराकृत हुए है। नियमानुसार, पात्रतानुसार पचास हजार तक के 4077 प्रकरणों पर 15 जिले में करीब 1 करोड़ 52 लाख रुपए की छूट उपभोक्ताओं, प्रकरणों के निराकरण पर दी गई है। लोक अदालत के दौरान बिजली कंपनी के 7.23 करोड़ रूपए से ज्यादा के प्रकरणों का समाधान हुआ है।**

इस लोक अदालत के लिए प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह के मार्गदर्शन में कंपनी क्षेत्र के 425 जोन, वितरण केंद्रों, कार्यालयों के माध्यम से प्रभावी तैयारी की गई थी। मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री कामेश श्रीवास्तव ने बताया कि लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौता किया गया। प्री लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट प्रदान की गई। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट मिली, जबकि लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत तैयारी की गई थी। हजारों नोटिस तामिल कराए थे।

## संगीत में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन 17 से

### इंदौर मनुश्री छोटा बांगड़दा में कलश यात्रा निकलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पश्चिम क्षेत्र में संगीत में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन 17 दिसंबर से 23 दिसंबर तक किया जाएगा । इस महा आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कथा के पहले कलश यात्रा भी निकलेगी जिसमें सैकड़ो महिलाएं शामिल होंगी।**

कथावाचक नीताश्री जोशी के मुखारविंद से संगीत में भागवत महापुराण कथा का आयोजन 17 से 23 दिसंबर तक किया जाएगा ,जिसमें प्रतिदिन सुबह 12:00 बजे से दोपहर 3:00 तक कथा का आयोजन किया जाएगा । कथा सत्य सरोज वाटिका मनुश्री नगर छोटा बांगड़दा इंदौर में आयोजित की गई है। कथा के पूर्व 17 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे कलश यात्रा निकालेंगे जिसमें सैकड़ो महिलाएं शामिल होंगी। पूरा क्षेत्र भक्ति में माहौल में डूबा हुआ है और कथा को श्रवण करने के लिए इंतजार कर रहा है। कथा श्रवण के लिए महिलाएं और पुरुषों की बैठने की व्यवस्था अलग-अलग की गई है। आयोजक मुकेश जोशी ने कथा को सफल बनाने के लिए धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक मात्रा में महापुराण कथा का लाभ लेने की अपील की है।

## वीर बाल दिवस पर स्कूलों में होंगे आयोजन

**इंदौर।** सिक्खों के 10वें गुरु गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों, साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान के मौके पर 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर प्रदेश के स्कूलों में वीर पुत्रों के बलिदान पर केन्द्रित आयोजन होंगे। वीर बाल दिवस के मौके पर मेरे सपनों का भारत, हामुझे किससे खुशी होती है, विषय पर चित्रकला, कहानी एवं निबंध लेखन की गतिविधियाँ होंगी। माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिये राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका और विकसित भारत के लिये मेरा दृष्टिकोण विषय पर निबंध लेखन, कविता, वाद-विवाद एवं डिजिटल प्रेजेंटेशन होगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिये है कि उनके जिले की शालाओं में प्रार्थना सभा में बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों की प्रेरणादायी कहानियाँ सुनाई जायें।

# डेढ़ करोड़ की चोरी में नौकर और साथियों की तलाश के लिए 3 पुलिस टीमें गठित

## पहले ही बना ली थी वारदात की योजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रियल एस्टेट कारोबारी अनीस मोहम्मद को खाने में बेहोशी की दवाई देकर नेपाली नौकर दोस्त के साथ मिलकर डेढ़ करोड़ का माल लेकर भाग गया। आरोपी 75 लाख के जेवर, 19 लाख नकद, 10 लाख की घड़ियां और थार एसयूवी ले गए हैं। मामले में पुलिस ने नौकर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी और उसके साथियों की तलाश के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। वहीं पुलिस को शंका है कि जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया गया है, उससे लगता है कि नौकर ने पहले से ही इसकी योजना बना ली थी।**

उधर, पुलिस ने चुराई गई थार को तीन इमली से जब्त कर लिया है। फोरेंसिक टीम की मदद से पुलिस ने फिंगर प्रिंट लिए हैं। आरोपी का मोबाइल भी ट्रैक किया है, लेकिन उसने चोरी के बाद सिल्वर स्प्रिंग से निकलते ही मोबाइल बंद कर लिया था। डेढ़ करोड़ के जेवर और माल उडाकर भागे फरार नेपाली नौकर और साथियों की तलाश में रूट मैप बनाते हुए अलग-अलग पुलिस टीमें लगाई गई हैं। अभी तक बदमाशों का कोई सुराग पुलिस को नहीं मिल पाया है।

थाना तेजाजी नगर क्षेत्र वारदात रियल एस्टेट कारोबारी अनीस मोहम्मद के साथ गत रात हुई थी। खाने में बेहोशी की दवाई देकर नौकर दीपेश थापा और साथी डेढ़ करोड़ का माल ले उड़े थे। आरोपी 75 लाख के जेवर, 19 लाख नकद, 10 लाख की घड़ियां और गाड़ी ले गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बदमाशों की धरपकड़ के लिए टीमें सभी नाकों पर सीसीटीवी की जांच के साथ संभावित इलाकों में तलाश कर रही है। नेपाल पुलिस को भी जानकारी भेजी गई है। पुलिस बदमाशों के भागने का रूट मैप बनाया गया है। इस आधार पर टीमें कड़ियां जोड़ रही है।

### वारदात वाले दिन ज्यादा डोज दिया

चार-पांच दिन से अनीस को खाने और शराब में बेहोशी की दवा देना शुरू कर दिया था। इस दवा के असर से अनीस सुबह 10 बजे तक नींद में रहता था। जिस दिन वारदात को अंजाम देना था उस दिन नौकर ने बेहोश का ज्यादा डोज दिया और बेहोश होने की राह देखने लगा। कारोबारी के बेहोश होते ही उसने अपने साथी को बुलवाया और सोना चांदी के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गया। कारोबारी के मुताबिक वह करीब डेढ करोड़ का माल लेकर फरार हुआ है।

### पूरे घर की रैकी की

नौकर का नाम दीपेश थापा पता चला है वह महू की सिक्युरिटी के जरिए अनीस मोहम्मद के घर पर काम करने के लिए आया था। करीब 15 दिन से काम करने के दौरान उसने पूरे घर की रैकी कर ली थी और उसे पता चल गया था कि कहां पर जेवर और नकदी रखे हुए हैं। दीपेश थापा के पुलिस वेरिफिकेशन के लिए कारोबारी ने सिक्युरिटी एजेंसी वालों को दो तीन बार याद भी दिलाया था। दीपेश ने षडयंत्र रचकर अपने दोस्त के साथ वारदात को अंजाम दिया।

# सड़क हादसा युवक की मौत

### बस चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गांधी नगर इलाके में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वह बाइक पर सवार होकर जा रहा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बस चालक ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया मगर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। गांधी नगर थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि हादसा ग्राम रिंजलाई में एक खेत के सामने हुआ था। मृतक का नाम मुकेश उर्फ परमानंद है। पुलिस ने मुकेश के साले जितेंद्र पिता सिंगाराम जाटव निवासी ग्राम धन्नड की रिपोर्ट पर बस क्रमांक एमपी 09 एफए 3230 के चालक पर केस दर्ज किया गया। जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि उनके जीजा मुकेश बाइक पर सवार होकर ग्राम रिजलाई में एक खेत के सामने से गुजर रहे थे तभी आरोपी बस का चालक बस बहुत तेज गति और लापरवाही से चलाकर लाया और उन्हें सामने से टक्कर मार दी हादसे के बाद बस का चालक फरार हो गया था। घायल मुकेश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां इलाज के दौरान इसकी मृत्यु हो गई पुलिस ने बताया कि मर्ग जांच के बाद आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# युवक पर हमला

इंदौर। बाइक सवार आरोपियों ने दो युवकों से विवाद किया और नुकीले हथियार से हमला कर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी भाग गए। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक हमले में घायल का नाम विवेक मीना पिता पुरूषोत्तम मीना है। पुलिस ने फरियादी नितिन पिता सुरेश कुमार तिवारी निवासी अंबिकापुरी की रिपोर्ट पर अज्ञात मोटर साइकिल के चालक और उसके साथी पर केस दर्ज किया है। विवेक ने पुलिस को बताया कि मैं भोलाराम उस्ताद मार्ग गेट से अपने रूम अंबिकापुरी की तरफ जा रहा था रास्ते में मेरे सामने से अज्ञात मोटर साइकिल का चालक और पीछे बैठा उसका साथी आए मेरे पास आकर बाइक खड़ी कर रेस देकर जोर जोर से आवाज करने लगे। मैंने कहा कि भैया आवाज मत करो इसी बात को लेकर आरोपियों ने गालियां दी और नुकीली चीज से वार कर घायल कर दिया। उसी समय विवेक मीना भी वहां आया तो उसे भी घायल किया और भाग गए।

## चाकू के साथ बदमाश पकड़ाया

इंदौर। सराफा पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे बदमाश को पकड़ा और उस पर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। सराफा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि क्षेत्र में अरबाज पिता रफीक बेग निवासी चंदननगर चाकू लेकर लोगों को डराने की नीयत से घूम रहा था। इसकी सूचना जैसे ही उन्हें लगी तो वे तत्काल पुलिसकर्मियों के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी कर चाकू लेकर घूम रहे बदमाश अरबाज बेग को गिरफ्तार किया। उस पर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## नाले में मिले दो भ्रूण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रविवार को नाले दो भ्रूण मिले हैं। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने दोनों भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भ्रूण तेजपुर गड़बड़ी पुल के पास से मिले हैं।मामला राजेंद्र नगर इलाके का है। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे पुलिस को सूचना मिली थी नाले में दो भ्रूण पड़े हैं। सूचना मिलते ही तुरंत थाना प्रभारी नीरज बिरथरे मौके पर पहुंचे। यहां जांच के बाद भ्रूण को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां दोनों का पीएम हुआ। भ्रूण वहां कैसे आए, इसका पता लगाया जा रहा है। एक टीम सीसीटीवी फुटेज चेक करने के लिए भी लगाई गई है। किन रास्तों से नाले तक पहुंचा जा सकता है, वहां के सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं। आसपास के अस्पतालों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# ऑनलाइन सट्टे में पकड़ाए 2 आरोपी रिमांड पर, 6 को जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मानवता नगर में करोड़ों के आन लाइन सट्टे का पदार्फाश करने के बाद 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दो को रिमांड पर लिया है शेष 6 को जेल भेज दिया गया। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी यहां 25 से 50 हजार की सेलरी पर ये आन लाइन सट्टे का कारोबार संचालित कर रहे थे।**

पुलिस ने शनिवार को मानवता नगर में छापा मारकर क्राइम ब्रांच ने मंदसौर के परीक्षित लोहार,रोशल लालवानी, विजय विश्वकर्मा,अभिषेक यादव, रुचित सिंह, राजेश कोतक,प्रफुल्ल सोनी, महेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। परीक्षित गैंग का मास्टर माइंड है और उसे सबसे ज्यादा सेलरी 50 हजार रुपए प्रतिमाह मिलते थे। आरोपी टेलीग्राम के माध्यम से इससे जुड़े हैं। वे जिनके लिए ये आन लाइन सट्टा चलाते थे उनके बारे में कुछ भी नहीं जानते। सोशल मीडिया के जरिए ही इनसे बातचीत होती थी। अकाउंट में एक लाख रुपए होते ही वे अपने आकाओं के खाते में ट्रांसफर कर देते थे। यहां से प्रतिदिन करीब पांच से सात लाख रुपए की कमाई होती थी। अब तक वे करोड़ों रुपए का आन लाइन सट्टा कर चुके है। पुलिस को गैंग के आकाओं के कुछ अकाउंट नंबर मिले हैं जिनकी साइबर सेल जांच कर रही है। पकडे गए आरोपियों की रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है। एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया के मुताबिक मास्टर माइंड सहित दो आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। कई खुलासे हुए हैं,गैंग के बारे में अन्य खुलासे होने की भी संभावना है।

# आनडिमांड वाहन चोर गैंग के दो सदस्य और पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आनडिमांड वाहन चोर गैंग के दो और सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्त में लिया है। उनके पास से तीन बाइक बरामद की है।**

संयोगितागंज टीआई सतीश पटेल ने बताया कि पकड़ी गई गैंग ने दवा बाजार, चिड़ियाघर, नवलखा, गुरुवारिया हाट, एमवाय अस्पताल और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वारदात की थी। जब पुलिस ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक दीपक पिता राज चौहान निवासी ग्रिड रोड छात्रावास के पास थाना बेटमा को पकड़ा था तो उसने अपने साथियों के साथ वारदात करना कबूला था। दीपक की निशानदेही पर मोहित पिता मोहन भूरिया निवासी ग्रिड रोड छात्रावास के पास, मोहम्मद शफीक उर्फ भय्यू पिता मुश्ताक अहमद निवासी आवास कॉलोनी बेटमा और अजय पिता शिवराम राठौर निवासी ग्राम शंकरपुरा तहसील बेटमा को पकड़ा था। दीपक से 9, आरोपी मोहित से 4, मोहम्मद शफीक उर्फ भय्यू से 2 (जिसमें एक बाइक के पाटर्स को स्क्रैप कर दिया), आरोपी अजय राठौर से 2 बाइक (जिसमें एक के पाटर्स को अन्य वाहन में लगाकर बेचा गया है) को जब्त की गई है। पूछताछ में आरोपी शफीक, अजय बाइक को सस्ते दामों में खरीदकर उनके पाटर्स को स्क्रैप कर व पाटर्स निकाल लेते थे। गैंग का साथी कृष्णासिंह ठाकुर उर्फ गट्टू फरार है। मामले में पुलिस ने मशक्कत के बाद गट्टू और विराट दोनों निवासी बेटमा को पकड़ लिया है। गट्टू से दो, विराट से एक बाइक बरामद की है। फरार कृष्णासिंह की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## जिलाबदर बदमाश धराया

इंदौर। पुलिस ने एक जिला बदर बदमाश को दबोचा है। कलाली ग्राउंड में वह घूम रहा था। पकड़े गए बदमाश का नाम कुणाल निवासी नंदा नगर है। पिछले दिनों उसकी अपराधी गतिविधियों के चलते उसे जिलाबदर किया गया था, लेकिन वह क्षेत्र में ही रहने आ गया था, कल आरोपी को परदेशीपुरा पुलिस द्वारा पकड़ा गया। अब उसके खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है और उसे जेल भेजा गया है।

## दो भाइयों के बीच विवाद

इंदौर। छोटा बांगडदा स्थित गरीब नवाज कालोनी में रहने वाले दो भाइयों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। एरोड्रम पुलिस को कपिल पिता प्रकाश नामदेव ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह मजदूरी कर घर लौटा तो बड़े भाई नामदेव ने अपशब्द कहते हुए कहा कि तू घर क्यों आया है, जब फरियादी ने भाई को विवाद से रोका तो उसने डंडे से मारपीट की, मां मुन्नीबाई ने बीचबचाव किया।

## महिला की खुदकुशी में पति सास ससुर पर केस दर्ज

इंदौर। एक नवविवाहिता ने दहेज यातना से परेशान होकर खुदकुशी कर ली।मामले में पुलिस ने उसके पति और सास-ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मामला हातोद थाना क्षेत्र के ग्राम पाल काकरिया का है। मृतिका का नाम नेहा राठौर है। पिछले महीने उसने जहर खाकर अपनी जान दे दी थी। मामले में पुलिस ने जांच की तो पता लगा कि पति गोपाल, सास सीमाबाई और ससुर ज्ञान सिंह लगातार दहेज के लिए परेशान कर रहे थे और तीनों अक्सर उसके साथ मारपीट भी करते थे। इसी से वह दुखी थी परेशान होकर उसने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। **यहां भी महिला की आत्महत्या में युवक पर केस-** इसी प्रकार तुकोगंज पुलिस ने एक महिला के आत्महत्या मामले में जांच कर एक युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रियंका पति जितेन्द्र उज्जैनी निवासी रुस्तम का बगीचा ने ढ़ाई माह पूर्व जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने इस मामले में जांच की और पीएम रिपोर्ट, परिजनों के कथन एवं स्नैप चेट के आधार पर पीयूष धाकड के खिलाफ मृतिका को परेशान कर प्रताडित करने का मामला दर्ज किया है। पीयूष से परेशान होकर प्रियंका ने यह कदम उठाया था।

फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

# मंहत को डिजिटल अरेस्ट मामले में 40 लाख डिजिटल करेंसी में बदले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)।** विगत दिनों श्री रामकृष्ण मिशन के महंत को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों द्वारा 71 लाख से अधिक की धोखाधड़ी का मामला सामने आया था। इस संबंध में नानाखेड़ा थाना पुलिस ने 4 साईबर ठगों को इंदौर से हिरासत में लिया था और 31 लाख की राशि बैंक में फ्रीज कराकर मामले का खुलासा किया था। बदमाशों ने 71 लाख में से 40 लाख की राशि बाइनेंस ऐप के माध्यम से डिजिटल करेंसी एएसडीटी में बदल दी है। ठगी की राशि इंदौर में भी ट्रांसफर हुई है। इस मामले के फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दी जा रही है। आरोपियों ने अपने मोबाईल बंद कर लोकेश बदल कर फरार हो गए है। पुलिस की हिरासत में 4 बदमाशों से पूछताछ के लिए 7 दिन की रिमांड न्यायालय द्वारा गई है।

**ऐसे दिया था ठगी की वारदात को अंजाम-** श्री रामकृष्ण मिशन आश्रम के वृद्ध सचिव महंत के पास सेडेक्स इंटरनेशनल कोरियर्स की मुंबई शाखा से अज्ञात महिला का कॉल आया था। इस महिला ने सचिव से कहा कि आपके द्वारा मुंबई से ताइवान भेजा गया ड्रग पार्सल वापस मुंबई आ गया है। इसके बारे में सीबीआई द्वारा पूछताछ की जा रही है। उसने सचिव को डरा धमका कर अंधेरी मुंबई थाना पुलिस से चर्चा कराई और उनके मोबाइल में इस्काई एप डाउनलोड करवाकर वीडियो कॉलिंग की।

इसके साथ ही अलग-अलग बैंकों के खातों में कुल 71 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कराई गई। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत के पश्चात सबसे पहले जिन खातों में आरटीजीएस के माध्यम से राशि ट्रांसफर हुई थी उनकी जांच कर खाताधारक महेश पिता रमेशकुमार फतेचंदानी,मयंक पिता मनोहर कुमार सेन, यश पिता मुकेश अग्रवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हमारे खाते में जो राशि ट्रांसफर हुई थी उसमें से 2 प्रतिशत कमीशन काटकर शेष राशि सतवीर पिता प्रदीप राजपूत निवासी इंदौर को दिए थे। पुलिस ने सतवीर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसको मिली ठगी की राशि चेतन पिता नरेश सिसौदिया और विशाल को दिए थे जिसके बदले 19500 रुपए कमीशन मिला था। उक्त लोगों ने ठगी की राशि ऑनलाइन एप्लीकेशन बायनेंस के वॉलेट पर यूएसडीटी करंसी में कनवर्ट कर अन्य लोगों को भेजा था। पुलिस द्वारा मामलें में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## भालुओं को देखकर उल्टे पैर भागा टाइगर

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में सफारी के दौरान नजर आया बाघ का सेल्फ डिफेंस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, (एजेंसी)।** नर्मदापुरम के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) में एक रोमांचक नजारा दिखा। यहां भालुओं के डर से बाघ ने रास्ता बदल लिया। भालुओं की फैमिली उसकी तरफ बढ़ी तो वह उल्टे पैर भाग निकला। शनिवार को इवनिंग सफारी के दौरान इस नजारे की तस्वीरें कुछ टूरिस्ट ने अपने कैमरे में कैद कीं। मुंबई, खरगोन, उज्जैन, इंदौर और भोपाल के पर्यटक आशीष रानाडे, हितेश गुप्ता, लखन तन्ना, राहुल रघुवंशी, राहुल महाजन ने इस वीडियो को दैनिक भास्कर से शेयर किया। वीडियो में दिख रहा है कि जंगल सफारी के दौरान टूरिस्ट जिप्सी के आगे एक टाइगर शाही अंदाज में चल रहा है। थोड़ी दूर चलने पर उसे तीन-चार भालू नजर आते हैं। भालू फैमिली को देखकर टाइगर कुछ सेकेंड के लिए रुक जाता है। वह बैठकर भालुओं की तरफ देखता रहा। फिर भालू आगे बढ़े तो वह पलटा। मुड़कर धीरे-धीरे लौटने लगा।

## 60 लाख से लगी वाजपेयी की प्रतिमा लोकार्पण से पहले क्षतिग्रस्त

### कांग्रेस बोली- दो साल की भाजपा नपा सरकार में हुए भ्रष्टाचार की खुली पोल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आष्टा, (निप्र)। आष्टा में पुराने भोपाल इंदौर हाईवे किनारे नगर पालिका की बसाई प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में लगाई पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लोकार्पण से पहले क्षतिग्रस्त हो गई है। यह मामला सामने आते ही राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने आड़े हाथ लेते हुए भाजपा पर हमला बोल दिया है। आरोप लगाकर कहा कि दो साल की भाजपा नपा सरकार में हुए भ्रष्टाचार की पोल अटलजी की प्रतिमा ने खोल दी है।**

पीएम आवास कॉलोनी को नया स्वरूप देने आष्टा नपा ने पिछले साल अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया था। 60 लाख रुपए की लागत से इसका काम शुरू हुआ। नपा ने 42 फीट ऊंची प्रतिमा लगाने के लिए नीचे 12 फीट का प्लेटफार्म बनाया। नपा की माने तो मार्च 2024 में इसका पूरा काम हो गया, लेकिन लोकार्पण नहीं हो पाया। हैरानी की बात यह है कि करीब 25 क्विंटल वजनी प्रतिमा लगने का एक साल भी पूरा नहीं कर पाई और लोकार्पण होने से पहले कलर उड़ गया तो कही क्षतिग्रस्त हो गई है।

**एसडीएम ने मांगा नपा से जवाब-** आष्टा अनुविभागीय अधिकारी स्वाति उपाध्याय ने नगर पालिका से अटलजी प्रतिमा को लेकर जवाब मांगा है। यह जवाब नपा की तरफ से अभी नहीं दिया गया है। इसके बाद जांच दल भी बनाने की बात कही जा रही है। दल में शामिल अधिकारियों की जांच में यदि अटल प्रतिमा में भ्रष्टाचार की बात सामने आई तो संबंधित पर कार्रवाई की गाज गिरेगी।

## बॉयज हॉस्टल में सिलेंडर में ब्लास्ट, एक का पैर कटा

### रसोइया समेत 8 घायल, छात्र बोले- किसी ने गद्दे पर सिलेंडर रखकर आग लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मऊगंज, (एजेंसी)। मऊगंज जिले के बॉयज हॉस्टल में शनिवार रात सिलेंडर में ब्लास्ट गया। रसोइया समेत 8 छात्र घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करीब तीन किलोमीटर दूर तक ब्लास्ट की आवाज सुनाई दी। हॉस्टल में किसी का पैर कट गया तो किसी के कान के परदे फट गए।**

ब्लास्ट शनिवार रात करीब 11 बजे नईगढ़ी के शासकीय उत्कृष्ट सीनियर बालक छात्रावास में हुआ। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी ले जाया गया। यहां से सभी को संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर कर दिया गया।

हादसा उस वक्त हुआ जब छात्र सो रहे थे। आग लगने की जानकारी मिलते ही सभी लोग पीछे बने किचन की तरफ देखने दौड़े। तभी तेजी से ब्लास्ट हुआ। 15 साल के शिवेंद्र साकेत का एक पैर घटनास्थल पर ही कट कर अलग हो गया। एक छात्र ने बताया कि किसी ने किचन का सिलेंडर गद्दों के ऊपर रखकर आग लगाई है।

बच्चों को बाहर बुलाया और ब्लास्ट हो गया प्रत्यक्षदर्शी रसोइया रहीश ने बताया, मैं बाथरूम में था। ऐसा लगा आग लगी है। मैं तुरंत भागा और सभी बच्चों को बाहर बुलाया। तभी सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया।

प्रत्यक्षदर्शी समित कुमार साकेत ने बताया, पड़ोस में रहने वाले संदीप ने आकर बताया कि हॉस्टल में कुछ हुआ है। तुम्हारे गांव के लड़के वहां रहते हैं, चलो जल्दी। हम वहां पहुंचे, तो बच्चे फंसे हुए थे। गैस की बदबू आ रही थी। अचानक रसोई में रखे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया।

### छात्रावास में 8 छात्र थे, बाकी घर चले गए थे

छात्रावास अधीक्षक बाबूलाल कोल ने बताया, सीनियर छात्रावास 9वीं से 12वीं के छात्रों के लिए बनाया गया है। रिकॉर्ड में 48 छात्र हैं, जिसमें 15 से 20 छात्र रहते हैं। मऊगंज में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होने से कुछ छात्र घर चले गए थे। घटना के समय 8 छात्र थे। तब मैं मौजूद नहीं था, क्योंकि दो छात्रावासों का प्रभार है। मैं खर्रा के छात्रावास पर था। रात में घटना की जानकारी रसोइया राम रहीस ने दी। इसके बाद रात 12 बजे पहुंचा।

**डॉक्टर बोले- तीन बच्चों को सुनने में समस्या-** रीवा मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल ने बताया, आठ बच्चे घायल हालत में आए हैं। तीन बच्चे ईएनटी विभाग में एडमिट हैं। चार कैजुअल्टी में भर्ती हैं। एक बच्चा सर्जरी विभाग में है। उसका ऑपरेशन किया जाएगा। बाकी बच्चों का भी इलाज चल रहा है। तीन बच्चों को ब्लास्ट की वजह से सुनने में समस्या आ रही है।

**छात्र बोला- किसी ने आग लगाई-** हादसे के दौरान छात्रावास में मौजूद छात्र राजराखन ने बताया, हम लोग 10 बजे सो गए थे। हॉस्टल में ही एक कमरा है, इसमें कोई नहीं जाता। वहां गद्दे रखे थे। आग इसी कमरे में लगी थी। जलने की बू आने के बाद अंकल (रसोइया) ने कहा कि पता नहीं किसने आग लगा दी है। हम वहां पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। इतने में सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ।

## 8 महीने से 23 साल के बेटे को खोज रहा पिता

### कोर्ट की फटकार के बाद पुलिस ने एक शव खोदकर निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)।** 23 साल के बेटे की आठ महीने से खोज कर रहे परिवार को अब भी अपने लाल की तलाश है। कोर्ट की फटकार के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने एक शव को खोद कर निकाला, लेकिन परिजनों ने उसको पहचानने से इनकार कर दिया है। गुमशुदा युवक के पिता राम गोपाल ने खोद कर निकाले शव को देख कर पहचान पाने से मना कर दिया। दुर्घटना के समय मिले शव के फोटो को देखकर उन्होंने कहा था कि यह मेरा बेटा हो सकता है। राम गोपाल ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में बहुत लापरवाही बरती है।

पुलिस ने जिस शव को दिखाया है, वह पूरी तरह से गल चुका है। यह कह पाना संभव नहीं कि जो शव हमें दिया जा रहा है, वह मेरे बेटे रजनीश का ही है। इस मामले में डीएनए सैंपल लेकर जांच की प्रक्रिया चल रही है। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगी।

**पूरा मामला-** मुरार थाना क्षेत्र के रहने वाले राम गोपाल ने 23 वर्ष के बेटे रजनीश को खोजने के लिए हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। उन्होंने बताया कि उनका बेटा एक लड़की के साथ घर से बागेश्वर गया था, वहां से वापस आया, लेकिन 15 अप्रैल से अचानक गायब हो गया। युवक की शादी 18 अप्रैल को होना थी।

याचिकाकर्ता ने पहले बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट मुरार थाने में दर्ज करवाई, लेकिन पुलिस ने इस मामले की कोई जांच नहीं की। व्यक्ति ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान जज ने पुलिस को उनकी जांच पर सवाल खडे करते हुए जमकर फटकार लगाई। एसपी को भी तलब कर लिया।

तीन दिन के ही भीतर पुलिस ने 16 अप्रैल को रेलवे ट्रैक पर मिले एक युवक के शव को यह कह कर इस मामले से जोड़ दिया कि यह उस गुमशुदा युवक रजनीश का शव है। हालांकि परिजनों ने शव को पहचानने से मना कर दिया है।

## संपादकीय

# सामाजिक शांति के लिए महत्वपूर्ण कदम

पिछले कुछ समय से जिस तरह उपासना स्थलों पर दावेदारी की कोशिशें चल रही हैं, उसमें सर्वोच्च न्यायालय का ताजा निर्देश निश्चय ही राहत देने वाला है। न्यायालय की तीन जजों की पीठ ने देश की सभी अदालतों से कहा है कि वे पूजा स्थलों से संबंधित सर्वेक्षण या अन्य किसी प्रकार की राहत के लिए अनुरोध वाली याचिका पर विचार न करें या कोई अंतरिम या अंतिम फैसला न सुनाएं। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर को लेकर दावा किया गया था कि वहां पहले हिंदू मंदिर था। विवाद बढ़ गया तो न्यायालय के निर्देश पर उस स्थान का सर्वेक्षण कराया गया। फिर उसके तथ्यों के आधार पर मस्जिद परिसर के एक हिस्से में हिंदू श्रद्धालुओं को पूजा करने का आदेश दे दिया गया। वह फैसला एक नजीर बन गया और फिर देश के विभिन्न हिस्सों में मस्जिदों के नीचे किसी हिंदू मंदिर के अवशेष दबे होने के दावे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के संभल में एक मस्जिद को लेकर इसी तरह के दावे की याचिका पर निचली अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दे दिया। उस पर हिंसा भड़क उठी और पांच लोग मारे गए। उसके बाद अजमेर दरगाह के हिंदू मंदिर की जगह बने होने का दावा किया गया, तो वहां की अदालत ने उसके सर्वेक्षण का आदेश दे दिया। इन घटनाओं से विवाद बढ़ता गया। हालांकि पूजा स्थलों पर ऐसे दावे कोई पहली बार नहीं किए जा रहे हैं। पहले भी अयोध्या के विवादित ढांचे के साथ-साथ अलग-अलग शहरों में मस्जिदों और दरगाहों को अवैध ठहराने की कोशिशें की गई थीं। उसी के मद्देनजर उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 बनाया गया। उसमें स्पष्ट कहा गया है कि 15 अगस्त, 1947 को विद्यमान उपासना स्थलों का धार्मिक स्वरुप वैसा ही बना रहेगा, जैसा वह उस दिन था। इसमें अयोध्या के विवादित ढांचे को इसलिए अलग रखा गया था कि उसे लेकर मामले पहले से चल रहे थे। मगर ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण के बाद फिर से वैसे दावे शुरु हो गए और उपासना स्थल अधिनियम को नजरअंदाज किया जाने लगा। अब तो सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कराई गई है कि उपासना स्थल अधिनियम की धारा दो, तीन और चार को रद्द करने का आदेश दिया जाए। इस पर सर्वोच्च न्यायालय विचार करेगा। इसलिए भी निचली अदालतें स्वत: पूजा स्थलों के स्वरुप परिवर्तन आदि के लिए दायर याचिकाओं पर सुनवाई टालने को बाध्य हैं। जब भी समान प्रकृति के किसी मामले पर सर्वोच्च न्यायालय सुनवाई कर रहा होता है, तो उस पर निचली अदालतों को अपनी सुनवाई रोक देनी होती है। उपासना स्थल अधिनियम से जुड़े मामलों पर भी यही नियम लागू होता है। सर्वोच्च न्यायालय इस मामले में क्या फैसला करता है, देखने की बात है, मगर हमारे संविधान की मूल भावना क्या है, उस पर भी ध्यान देने की जरुरत है।

## सैर सपाटा

### नए साल का जश्न मनाने के लिए परफेक्ट हो सकते हैं

# ये 5 हिल स्टेशन्स

## मस्ती और सुकून मिलेंगे एकसाथ

अगर आप साल 2025 का जश्न भीड़भाड़ से दूर प्रकृति की गोद में बैठकर शांति और नेचर की खूबसूरती का मजा लेते हुए मनाना चाहते हैं तो भारत के ये 5 हिल स्टेशन आपके लिए परफेक्ट चॉइस हो सकते हैं। ये 5 हिल स्टेशन ना सिर्फ दिखने में बेहद खूबसूरत हैं बल्कि आपकी टेंशन और एंजाइटी के लिए भी एक अच्छे टॉनिक की तरह काम करते हैं।

### कश्मीर



शायद ही कोई पर्यटक होगा, जो धरती पर बने इस स्वर्ग के बारे में नहीं जानता होगा। सर्दियों में तो यह जगह बर्फीले वंडरलैंड में बदल जाती है। यहां आने वाले पर्यटक गुलमर्ग,स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग का मजा ले सकते हैं। यह के सोनमर्ग को 'मीडोज ऑफ गोल्ड' के नाम से जाना जाता है।

### गोकर्ण, कर्नाटक



अगर आप गोवा के अलावा कहीं और घूमने के लिए जाना चाहते हैं तो कर्नाटक का गोकर्ण, एक परफेक्ट डेस्टिनेशन हो सकता है। यह शांति, सुंदरता के बीच ओम बीच, कुदले बीच और हाफ मून बीच पर आप नए साल का सेलिब्रेशन कर सकते हैं।

### चेराई बीच, केरल



अगर आप गोवा से हटकर कोई अलग जगह तलाश रहे हैं तो ये बीच बेस्ट रहेगा। केरल का चेराई बीच टूरिस्ट के पसंदीदा बीच में से एक है। नेचर लवर्स यहां हर साल नया साल मनाने के लिए आते हैं।



### चंद्रताल

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में स्थित यह एक बेहद खूबसूरत और कम भीड़ वाली जगह है। नए साल का जश्न मनाने के लिए आप इस जगह को पसंद कर सकते हैं। चंद्रताल के चारों ओर हरियाली भरे पहाड़ और हिमालय की सफेद चोटियां देखकर लगता है मानो आप किसी स्वर्ग में आ गए हों। चंद्रताल की खासियत यह है कि यह जगह फिलहाल पर्यटकों की भीड़ से अछूती है। इसलिए आप यहां अपने परिवार और दोस्तों के साथ शांत वातावरण, स्वच्छ हवा और मनोरम दृश्य का मजा ले सकते हैं।



### मलाणा

हिमाचल प्रदेश के कसौली शहर के पास बने मलाणा गांव की खूबसूरती किसी भी पर्यटक को अपनी तरफ आकर्षित कर सकती है। यह गांव किन्नौर कादर घाटी के किनारे बसा हुआ है। यहां चारों ओर हरियाली वाली पहाड़ियां, फूलों से लदे मैदान और नीले आसमान में तैरते बादलों का नजारा बेहद खूबसूरत लगता है।

New Delhi

# पंजाब-हरियाणा से ओडिशा तक भीषण ठंड, मयूरभंज के रामतीर्थ में पारा माइनस 10 डिग्री, तमिलनाडु में बारिश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश और कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि से प्रचंड शीतलहर से मामूली राहत मिली है, लेकिन मैदानी इलाकों में भीषण ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। राष्ट्रीय राजधानी समेत पंजाब, हरियाणा और यहां तक ओडिशा में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। यहां के ओडिशा के मयूरभंज जिले के रामतिर्थ में न्यूनतम तापमान माइनस 10 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने उत्तर पश्चिम भारत में अगले पांच दिन और मध्य भारत में अगले तीन दिनों तक शीतलहर जारी रहने का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार सुबह 8:30 बजे से पहले 24 घंटे के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पूर्वी राजस्थान और मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में गंभीर शीतलहर चली। पश्चिम राजस्थान, पश्चिम बंगाल के गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों, उत्तर प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और ओडिशा के अलग-अलग इलाके भी साधारण शीतलहर की चपेट में रहे। इससे उलट, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि दर्ज की गई और इसके चलते लोगों को भीषण शीतलहर से मामूली राहत मिली। श्रीनगर में शनिवार की रात न्यूनतम तापमान शून्य 3.4 डिग्री नीचे रहा, जो एक रात पहले के माइनस 4.6 डिग्री की तुलना में कुछ बेहतर है। सैलानियों की पसंदीदा जगह गुलमर्ग में पारा माइनस 3.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो एक रात पहले चार डिग्री ज्यादा है।



New Delhi

## 'पंडित नेहरू के जो पत्र सोनिया गांधी ने लिए थे, उन्हें वापस करें', पीएम मेमोरियल ने राहुल को लिखी चिट्ठी



**नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री संग्रहालय और लाइब्रेरी ने मांग की है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के निजी पत्र, जो सोनिया गांधी ने लिए थे, उन्हें वापस किया जाए। संग्रहालय ने इसे लेकर राहुल गांधी को चिट्ठी लिखी है। ये पत्र साल 2008 में यूपीए सरकार के कार्यकाल में सोनिया गांधी ने मंगवाए थे। प्रधानमंत्री संग्रहालय के सदस्य रिजवान कादरी की तरफ से राहुल गांधी को 10 दिसंबर को यह पत्र लिखा गया। इस पत्र में कादरी ने राहुल गांधी से अपील की कि वे सोनिया गांधी को दिए गए पत्रों, फोटो प्रति और डिजिटल प्रति को वापस करें। इससे पहले संग्रहालय द्वारा सितंबर में भी सोनिया गांधी को भी पत्र लिखा गया था।**

पंडित नेहरू के ये निजी पत्र बेहद ऐतिहासिक माने जाते हैं। पहले ये पत्र जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल के पास थे, जिन्हें साल 1971 में नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी को दिए गए। अब इसी नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी को प्रधानमंत्री मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी के रूप में जाना जाता है। जिन पत्रों की मांग की गई है, उनमें पंडित नेहरू और एडविना माउंटबेटन, अल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, पद्मजा नायडू, विजय लक्ष्मी पंडित, अरुणा आसफ अली, बाबू जगजीवन राम और गोविंद वल्लभ पंत आदि महान विभूतियों के बीच हुई बातचीत पर आधारित हैं।

New Delhi

## नहीं रहे तबला वादक जाकिर हुसैन, 73 की उम्र में ली अंतिम सांस, परिवार ने की पुष्टि

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन ने दुनिया को अलविदा कह दिया है. अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया. वह 73 साल के थे. उन्हें हृदय संबंधी समस्याओं की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था.वह बीते दो हफ्तों से अस्पताल में भर्ती थे लेकिन बाद में उनकी तबियत और बिगड़ने की वजह से उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था. जाकिर हुसैन के परिवार ने सोमवार सुबह उनके निधन की पुष्टि करते हुए कहा कि दुनिया के उत्कृष्ट संगीतकारों में से एक जाकिर हुसैन का 73 वर्ष की आयु में हृदय संबंधी समस्याओं की वजह से निधन हो गया. वह अपने पीछे एक अभूतपूर्व विरासत छोड़ गए हैं. जाकिर हुसैन के परिवार में उनकी पत्नी एंटोनिया मिनेकोला, उनकी दो बेटियां अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी, उनके भाई तौफीक और फजल कुरैशी और उनकी बहन खुर्शीद हैं.

Uttarpradesh

## ऊपर से चमचमाती रोड, नीचे सिर्फ मिट्टी-बालू... लखीमपुर में भाजपा विधायक ने खोली सड़क निर्माण की पोल

**लखीमपुर खीरी, (एजेंसी)** यूपी के लखीमपुर खीरी जिले में सड़क निर्माण में किस तरीके की अनियमितता बरती जा रही है, इसकी पोल खुद बीजेपी के विधायक ने खोल दी. क्वालिटी चेक करने के लिए जैसे ही विधायक जी ने गैंती उठाकर सड़क पर मारी, सड़क के नीचे डामर-गिट्टी जगह मिट्टी नजर आने लगी. सड़क के महज 1 इंच के नीचे मिट्टी देख बीजेपी विधायक नाराज हो गए, उन्होंने अधिकारियों-ठेकादारों को चेतावनी दी कि अगर गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो वे इस मामले को लखनऊ तक ले जाएंगे. दरअसल, लखीमपुर खीरी जिले की धौरहरा विधानसभा सीट से बीजेपी के विधायक विनोद शंकर अवस्थी का PMGSY यानी प्रधानमंत्री



ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क का क्वालिटी चेक करते वीडियो सामने आया है. बताया जा रहा है कि देर शाम विधायक किसी कार्यक्रम से लौट रहे थे, तभी क्षेत्र की जनता ने उनसे शिकायत कि PMGSY सड़क योजना के अंतर्गत बन रही रमियाबेहड़ से हौकना-मटेरा को जाने वाली रोड का निर्माण बहुत ही घटिया हो रहा है.

खेल

# घरेलू क्रिकेट में मुंबई का वर्चस्व, रणजी और ईरानी कप के बाद जीता सैयद मुश्ताक ट्रॉफी का खिताब

**बंगलुरू, (एजेंसी)** मुंबई ने रविवार को मध्य प्रदेश को पांच विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम ने दूसरी बार खिताब पर कब्जा जमाया। इससे पहले टीम ने अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में 2022/23 में खिताब पर कब्जा जमाया था।



### एक कैलेंडर वर्ष में जीते तीन खिताब

घरेलू क्रिकेट में मुंबई की बादशाहत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने एक कैलेंडर वर्ष में तीन खिताब अपने नाम किए। मुंबई ने इस साल तीन खिताब अपने नाम किए। इनमें रणजी ट्रॉफी, ईरानी कप और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी शामिल है। इस तरह मुंबई घरेलू क्रिकेट का नया बादशाह बन गया है। अब तक टीम ने 42 बार रणजी ट्रॉफी, 15 बार ईरानी ट्रॉफी, चार बार विजय हजारे ट्रॉफी और दो बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी अपने नाम की है।

### रणजी ट्रॉफी 2024

रणजी ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला मार्च में मुंबई और दो बार के चैंपियन विदर्भ के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 224 रन बनाए। जवाब में विदर्भ की पहली पारी 105 रन पर सिमट गई। अपनी दूसरी पारी में मुंबई ने 418 रन बनाए और उनकी कुल बढ़त 537 रन की हुई और विदर्भ के सामने 538 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में विदर्भ की टीम अपनी दूसरी पारी में 368 रन पर ऑलआउट हो गई। इसी के साथ मुंबई ने 169 से मुकाबला जीत लिया। रणजी में मुंबई ने 42वां खिताब जीता था।

### ईरानी कप 2024

ईरानी कप का फाइनल मुकाबला मुंबई और शेष भारत के बीच अक्तूबर में खेला गया था। अजिंक्य रहाणे की टीम ने शेष भारत को पहली पारी में बढ़त के आधार पर हराया और 27 साल बाद ईरानी कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। मुंबई ने आखिरी बार 1997-98 में यह खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद टीम को आठ बार फाइनल में पहुंचने का मौका मिला लेकिन कभी ट्रॉफी नहीं जीत सकी। तनुष कोटियान के नाबाद शतक की बदौलत मुंबई ने पांचवें दिन मैच ड्रॉ कराया था। मुंबई ने अंतिम दिन छह विकेट पर 153 रन से आगे खेलना शुरू किया और दूसरी पारी आठ विकेट पर 329 रन बनाकर घोषित की।

सिनेमा

## 'नहीं दूंगा शक्तिमान के राइट्स', बोले मुकेश खन्ना, रणवीर सिंह नहीं अल्लू अर्जुन में दिखी 'काबिलियत'



एक्टर मुकेश खन्ना के निभाए आइकॉनिक सुपरहीरो कैरेक्टर शक्तिमान पर फिल्म बनने की चर्चा लंबे समय से चल रही है. इसके राइट्स खरीदने के लिए यशराज फिल्म्स की टीम ने उनसे कॉन्टैक्ट भी किया था, लेकिन मुकेश ने साफ इनकार कर दिया था. एक्टर नहीं चाहते कि रणवीर सिंह ये किरदार निभाएं. हालांकि उन्होंने अल्लू अर्जुन के नाम पर मुहर लगा दी है. मुकेश ने बताया कि न सिर्फ रणवीर सिंह बल्कि आदित्य चोपड़ा की टीम ने खुद उनसे कॉन्टैक्ट किया था, ताकि वो शक्तिमान के राइट्स खरीद सकें. इस बात को सालों बीत चुके हैं. लेकिन उन्होंने तुरंत इस ऑफर को रिजेक्ट कर दिया था. सिद्धार्थ कनन से बातचीत में मुकेश ने पूरी बात बताई. मुकेश बोले- दस साल पहले आदित्य चोपड़ा के ग्रुप ने मुझसे संपर्क किया था. उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं उन्हें शक्तिमान के राइट्स दे सकता हूं. उस समय संयोग से रणवीर सिंह की शक्तिमान के रूप में फैन्स की बनाई गई तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई. और फिर अचानक मुझे राइट्स के लिए कॉल आया था तो मैंने कहा, 'अधिकार नहीं दूंगा मैं.' मैंने उनसे कहा, 'आदित्य से कहो, चाहे वो कोई भी हो, अगर तुम इसे बनाना चाहते हो, तो मेरे साथ बनाओ.'

## Highlights

1. UltraTech leverages inland waterways to reduce logistics cost
2. ASI asked to conduct carbon dating of ancient temple found in Sambhal
3. I knew him well, never received money from him: Tharoor as old tweet on Soros resurfaces
4. Sarwan Pandher urges Punjab to join 'Rail Roko' protest on Dec 18
5. Maha ministers to undergo review, non-performers can be replaced

# Ambani and Adani exit Bloomberg's $100 Billion Club amid business setbacks



**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance CMD Mukesh Ambani and Adani Group chairman Gautam Adani, two of Asia's wealthiest individuals and India's richest billionaires, have both left Bloomberg's $100 billion club for the year due to various business setbacks, the website reports.

The wealthiest people in India, however, reported a gain in their net worth overall. Since January 2024, the top 20 have gained $67.3 billion, with IT tycoon Shiv Nadar ($10.8 billion) and Savitri Jindal ($10.1 billion) making the most gains, the report said.

Obstacles in the way

As per the Bloomberg list, Ambani's personal fortune suffered when the retail and energy divisions of his company fared poorly. His wealth, which was $120.8 billion in July, when son Anant got married, has dropped to $96.7 billion as of December 13, according to the Bloomberg Billionaire Index (BBI), which has investors worried about growing debt.

The issues are more serious for Adani. A US Department of Justice (DoJ) investigation is threatening his conglomerate and might halt any progress as uncertainty grows. According to the BBI, Adani's net worth dropped from $122.3 billion in June to $82.1 billion as a result of the November probe. Adani has also been struck hard by the Hindenburg Research investigation and allegations of fraud.

According to Bloomberg, Adani and Ambani are thus no longer members of the "elite centibillionaires club," which is made up of those who have more than $100 billion in fortune.

# Narayana Murthy defends 70-hour workweek idea' Indians have a lot to do'

**NEW DEIHI, (Agency).** Narayana Murthy, the co-founder of Infosys, has justified his statement about a 70-hour workweek. Murthy said young people need to understand that "we have to work hard and work towards making India number one". Narayana Murthy made the remarks while speaking at the centenary celebration of the Indian Chamber of Commerce in West Bengal's Kolkata, a city he called "the most cultured place in the entire country." "At Infosys, I said we will go to the best and compare ourselves with the best global companies. Once we compare ourselves with the best global companies, I can tell you we Indians have a lot to do. We have to set our aspirations high because 800 million Indians get free ration. That means 800 million Indians are in poverty. If we are not in a position to work hard, then who will work hard?" an NDTV report quoted Murthy as saying at the event. Murthy recalled his past as a Leftist during Jawaharlal Nehru's tenure as prime minister and the establishment of the Indian Institutes of Technology, which inspired him to pursue entrepreneurship. "My father used to talk about the extraordinary progress that was happening in the country at the time and we were all sold on Nehru and socialism. I had the opportunity to work in Paris in the early 70s and I was confused. The West was talking about how filthy and corrupt India was. In my country there was poverty and the roads had potholes," Narayana Murthy said.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे ।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक